# <u>संस्थान में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन</u>

दिनांक 14.12.2022 को संस्थान में **"प्रशासन में हिन्दी का प्रयोग तथा हिन्दी तिमाही प्रगति रिपोर्ट"** विषय पर राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के प्रारंभ में उप निदेशक (रा भा) श्री नवीन कुमार यादव ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला की विषयवस्तु के बारे मे अवगत कराया। श्री सुरेश कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (वरि.ग्रेड) ने प्रशासन में हिन्दी का प्रयोग विषय पर व्याख्यान दिया तथा कार्मिकों से सरल व बोधगम्य हिन्दी प्रयोग करने का सुझाव दिया। इस अवसर पर सुश्री सुनिता आर्य, लेखा नियंत्रक ने हिन्दी पत्राचार तथा टिप्पणी का प्रयोग बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। श्री नवीन कुमार यादव, उप निदेशक (रा भा) ने तिमाही प्रगति रिपोर्ट के संबंध में व्याख्यान सहित हिन्दी का प्रयोग बढ़ाने हेतु प्रस्तुतिकरण दिया। कार्यक्रम के अंत में श्री नवीन कुमार यादव, उप निदेशक (रा भा) ने सभी का आभार प्रकट किया।